हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 22 अगस्त 2025

12 दुष्यंत व मोहित ने राज्य स्तरीय कराटे में जीता स्वर्ण पदक...



12 शॉर्ट सर्किट से स्नैक्स फैक्ट्री में आग, 3 करोड़ का...




# डॉ. ओ.पी. यादव मेमोरियल जिला स्तरीय खेल महाकुम्भ



**27-28 अगस्त, 2025**

केवल महेंद्रगढ़ जिले के खिलाड़ियों के लिए

**Grand Opening Ceremony**
27TH AUGUST, 2025
10:00 AM

**Prize Distribution**
28TH AUGUST, 2025
04:00 PM

**स्थान: नेताजी सुभाष खेल क्लब ग्राउंड , नजदीक बस अड्डा, कनीना**

आप सभी को यह जानकर अति हर्ष होगा की हम सभी के अति प्रिय, RPS शिक्षण संस्थानों के संस्थापक स्वर्गीय डॉ. ओ.पी. यादव जी की स्मृति में आपके शहर कनीना में विशाल खेल महाकुम्भ का आयोजन किया जा रहा है। आप सभी से निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाये।

| प्रतियोगिता | प्रथम पुरुस्कार | द्वितीय पुरुस्कार | तृतीय पुरुस्कार |
|---|---|---|---|
| वॉलीबॉल (स्मेसिंग) | 51,000/- | 31,000/- | 21,000/- |
| कबड्डी | 51,000/- | 31,000/- | 21,000/- |
| एथलेटिक्स (M& F)<br>• दौड़ (100,200,400,800 Mtr.)<br>• रिले रेस (4x100mtr.)&(4X400mtr.) | 11,000/- (Each) | 7100/- (Each) | 5100/- (Each) |
| मिनी मैराथन (M&F) (10 KM) | 21,000/-<br>4th Position 7100/-, 5th-5100/-, 6th- 3100/-, 7th-2100/-, 8th to 10th- 1100/- each | 15,000/- | 11,000/- |
| मिनी मैराथन (M&F) (05 KM) | 15,000/-<br>4th Position 5100/-, 5th-3100/-, 6th- 2100/-, 7th to 10th- 1100/- each | 11,000/- | 7,000/- |

मिनी मैराथन में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 25 अगस्त तक एंट्री करवाना अनिवार्य है।

SCAN FOR REGISTRATION

SCAN FOR LOCATION

**NO ENTRY FEES**
**NO SPOT ENTRY**

- ऑनलाइन एन्ट्री के लिए QR Code स्कैन कर सकते है।
- ऑफलाइन एन्ट्री के लिए अपने दस्तावेजों के साथ इस पते पर सम्पर्क कर सकते है। डॉ. ओ. पी. यादव फार्म हाउस, सीहोर रोड़ नजदीक CSD कैंटीन, कनीना

## नियम व शर्ते :

- जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता होने के कारण महेंद्रगढ़ जिले से बाहर के खिलाड़ियों को खेलने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
- प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों / खिलाड़ियों को 26 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है।
- किसी भी खेल में टीम केवल एक ही ग्राम पंचायत अथवा नगरपालिका से होनी चाहिए।
- अंतिम तिथि के बाद किसी भी खेल में एंट्री की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- खेलों में हिस्सा लेने वाली टीमों के खिलाड़ियों के आधारकार्ड व फैमली आई.डी. जमा करवाना अनिवार्य है।
- प्रतियोगिता में किसी भी विवाद की स्थिति में प्रबंधन समिति व ज्यूरी का निर्णय अंतिम माना जाएगा।
- एन्ट्री ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से करवाई जा सकती है। ऑनलाइन : www.rpsopy.com

**LAST DATE OF REGISTRATION**
26TH AUGUST, 2025

Dr. O.P. Yadav Farm House, Near CSD Canteen, Sihore Road, Kanina, Mahendergarh (Hr.)

+91 9992004333
+91 9416150201
+91 8199922777

## खबर संक्षेप

### टीम ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य जांच की

**महेंद्रगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुचौली में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य जांच की। स्वास्थ्य जांच टीम में डॉ. संदीप सैनी, डॉ. उषा, डॉ. कृष्ण, एएनएम सरोज ने 90 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत कक्षा छठी से 12वीं तक 90 बच्चों के रक्त में हीमोग्लोबिन की जांच की।

### सुंदरह के पूर्व सरपंच लक्ष्मण सिंह का निधन

**कनीना।** गांव सुंदरह के पूर्व सरपंच लक्ष्मण सिंह का निधन हो गया, वे 92 वर्ष के थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार गांव में स्वर्गाश्रम में किया गया। उनके पुत्र हनुमान प्रसाद ने बताया कि लक्ष्मण सिंह वर्ष 2005 से 2010 तक गांव के सरपंच रहे। इस दौरान उन्होंने गांव में अनेक विकास कार्य करवाने सहित गांव में श्रीकृष्ण धर्मशाला का निर्माण करवाया। इतना ही नहीं, वे भारतीय सेना के कर्मठ सैनिक भी रहे। उन्होंने आठ वर्ष तक विदेशों में सेवाएं दी। पांच वर्ष तक लीबिया व तीन वर्ष तक श्रीलंका में शांति सेना में शामिल रहे।

### विवाहिता ने मायका में लगाई फांसी

**महेंद्रगढ़।** विवाहिता ने अपने मायका जासावास में अज्ञात कारणों के चलते मकान के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली हैं। मृतका चार दिन पहले ही अपने मायका आई थी। पुलिस ने मृतका की लाश को अपने कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के मोर्चरी गृह में रखवाया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस आगामी कार्रवाई में लगी हुई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार 25 वर्षीय कोमल चार दिन पहले अपने मायका आई थी। मृतका की दो लड़कियां हैं। मृतका राजस्थान राज्य के नया सिराणा गांव में शादी हुई थी।

### सेवा भारती संस्था का भूमि पूजन 28 को

**कनीना।** सेवा भारती संस्था की ओर से 28 अगस्त को स्वयं के भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया जाएगा। महाशय श्याम सुंदर व योगेश अग्रवाल ने बताया कि संस्था की ओर से प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। डीएवी स्कूल के नजदीक जमीन मिलने के बाद भूमि पूजन समारोह आयोजित किया जाएगा। 28 अगस्त को सुबह सवा 10 बजे आयोजित होने वाले समारोह के मुख्य अतिथि भारत भूषण गुप्ता होंगे। अध्यक्षता आरपीएस ग्रुप से इंजीनियर मनीष राव करेंगे।

### अटेली में स्वास्थ्य जांच शिविर 24 को

**मंडी अटेली।** गौड़ ब्राह्मण सभा अटेली की ओर से स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर 24 अगस्त को अटेली मंडी रेलवे स्टेशन के पीछे डाकघर के समीप लगाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष जनसेवा मंडल के पवन बाछौदिया व गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रधान राकेश मेहता एडवोकेट होंगे।

*इस साल स्वास्थ्य विभाग ले चुका 81785 हजार मलेरिया स्लाइड*

# डेंगू-मलेरिया टेस्ट के लिए 600 से अधिक रुपये नहीं ले सकेंगे निजी अस्पताल, सिंगल केस की भी साझा करनी होगी डिटेल

- कइस साल जिला में डेंगू के 4, मलेरिया के 2 केस सरकारी कागजों में हुए है दर्ज, जिला में 1827762 मकानों को चेक कर 2250 को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हाल ही में कई क्षेत्रों में डेंगू और मलेरिया के मामलों में वृद्धि देखी गई है, जिससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डॉक्टरों के अनुसार, बरसात के मौसम में पानी जनित रोग सबसे ज्यादा फैलते हैं, और साफ पानी और स्वच्छता की कमी से इन रोगों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में स्वासथ्य विभाग सख्त हो गया है और इन बीमारियों से निपटने के लिए बकायदा गाइडलाइन जारी करते हुए निजी अस्पताल, लैब और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को पत्र भी जारी कर दिया है। इन्हें सरकार की ओर से डेंगू व मलेरिया टेस्ट की निर्धारित राशि ही मरीजों से लेने का आदेश दिया है। निर्धारित से ज्यादा राशि जांच के नाम पर नहीं वसूली जा सकेगी। बरसाती सीजन के साथ ही मच्छरों की संख्या बढ़ती है। ऐसे में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और जापानी बुखार की आशंका भी बढ़ जाती है। नागरिक अस्पतालों के साथ साथ पीड़ित निजी अस्पतालों में भी जाते है। आरोप लगते है कि कई बार निजी अस्पताल अपने स्तर पर बुखार बताकर इलाज शुरू कर देते है और जांच के नाम पर मोटी राशि वसूल की जाती है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से गाइडलाइन बनाई गई है। उक्त गाइडलाइन को लेकर सिविल सर्जन ने आईएमए सहित जिला के निजी अस्पतालों को भी पत्र भेजा है। इसमें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि नियमों की पालना करनी होगी।

### अभी तक डेंगू के सिर्फ 4 व मलेरिया के 2 केस

जिला मलेरिया अधिकारी डा. मनीष यादवने बताया कि इस साल अब तक चार डेंगू व दो मलेरिया केस सामने आए है। बीते साल 2024 में 62 डेंगू व पांच मलेरिया, 2023 में 44 डेंगू व तीन मलेरिया, 2022 में 72 डेंगू व तीन मलेरिया और साल 2021 में 161 डेंगू व पांच मलेरिया केस सामने आए थे। मलेरिया की स्लाइड 81785 ली गई है। इस साल जिला में 1827762 मकानों की फिजिकल जांच की गई। इनमें से 2250 मकान मालिकों को नोटिस थमाया जा चुका है। एएमआई, निजी अस्पताल व लैब संचालकों को निर्देश जारी किए है कि वह मरीजों से डेंगू या मलेरिया टेस्ट

### डेंगू टेस्टिंग के लिए 600 रुपये रेट किया निर्धारित

स्वास्थ्य विभाग की ओर से निर्देश आने के बाद उप सिविल सर्जन (मलेरिया) ने नारनौल व महेंद्रगढ़ आईएमए के साथ-साथ जिला के 21 निजी अस्पताल/लैबोरेट्रीज को पत्र लिखा गया है। इसमें आदेश दिया गया है कि सभी प्राइवेट हॉस्पिटल/लैबोरेट्रीज के बाहर डेंगू, चिकनगुनिया के सिरोलॉजी टैस्ट (एनएसआई, एलजी एम एलिजा) की फीस 600 रुपये हो। इसके लिए वहां एक बोर्ड लगाया जाए। इस बोर्ड की फोटो खींचकर स्वास्थ्य विभाग को भेजकर सूचित

### डेंगू और मलेरिया में अंतर

डेंगू और मलेरिया दोनों बीमारियां मच्छरों के काटने से फैलती हैं, लेकिन इनके लक्षण और इलाज अलग-अलग होते हैं।

**डेंगू:** यह एक वायरल बीमारी है जो एडीज मच्छर के काटने से फैलती है। इसके लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, मांसपेशियों में दर्द और जोड़ों में दर्द शामिल हैं। डेंगू की स्थिति गंभीर होने पर हेमोरैजिक फीवर या डेंगू शॉक सिंड्रोम हो सकता है।

**मलेरिया:** यह एक संक्रामक रोग है जो एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है।

### बचाव के उपाय

- मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।
- मच्छर भगाने वाले प्रोडक्ट्स जैसे क्रीम, स्प्रे आदि का उपयोग करें।
- फुल स्लीव्स के कपड़े पहनें।
- घर और आस-पास पानी जमा न होने दें।
- घर और आस-पास कीटनाशक का छिड़काव करें।
- बुखार या खांसी-जुकाम होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और जांच करवाएं।

*अपहरण कर गाड़ी में तोड़फोड़ करने का आरोप*

# लोन की किस्त लेने गए कर्मचारियों से मारपीट

- हाउसिंग लोन की किस्त चुकाने की एवज में फाइनेंस कंपनी के ब्रांच मैनेजर व स्टॉफ को बनाया बंधक
- पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच की शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हाउसिंग लोन की किस्त चुकाने की एवज में फाइनेंस कंपनी के ब्रांच मैनेजर एवं स्टॉफ के अन्य कर्मचारियों को बंधक बनाने, अपहरण करने तथा जबरन ऑनलाइन पेमेंट करने के मामला सामने आया है। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छाजियावास निवासी हरविंद्र समेत उसके साथियों पर विभिन्न धाराओं के मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस दी शिकायत में पीड़ित सतीश कुमार ने बताया कि वह महेंद्रगढ़ के दादरी रोड पर चौहान कांपलेक्स में स्थित एसके फाईनेंस कम्पनी बतौर ब्रांच मैनेजर कार्यरत है। उन्होंने बताया कि एसके फाईनेन्स कम्पनी हाउसिंग लोन/मोरगेज लोन देती है। लगभग एक वर्ष पहले एसके फाईनेन्स कम्पनी से छाजियावास निवासी हरविन्द्र ने तीन लाख रुपये का हाउसिंग लोन लिया था, जिसका गारन्टर इसका पड़ोसी नरवीर सिंह था। यह लोन हरविन्द्र ने पांच साल के लिए लिया था तथा महीने की किस्त 8116 रुपये बनाई गई थी। उन्होंने बताया कि हरविन्द्र ने लोन की दो किस्तें ड्यू कर दी, जिस बाबत हरविन्द्र को फोन द्वारा सूचना दे दी गई, तब हरविन्द्र ने कंपनी कर्मचारी को बताया कि शाम के समय घर पर आ जाना, बकाया लोन की किस्ते अदा कर देगा। इस पर फाईनेंस कम्पनी के कर्मचारी कलेक्शन रिलेशन आफिसर विक्रम तथा एरिया क्रेडिट मैनेजर सुनील दत्त शर्मा 18 अगस्त को शाम के समय गाडी एल्टो गाड़ी से हरविन्द्र के घर गांव छाजियावास गए।

### गाड़ी में की तोड़फोड़

शिकायत में आरोप लगाया कि उन्होंने कर्मचारियों की गाड़ी को भी तोड़-फोड़ दिया और वहां से लूटपाट करके उनको छोड़ दिया। हरविन्द्र और उसके साथियों उन्हें धमकी दी कि यदि फिर कभी यहां किस्त लेने आए और यदि हमारे खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्रवाई की तो तुम्हें व तुम्हारे परिवार को जान से खत्म कर देंगे। इसलिए उपरोक्त आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

### नकाबपोश बदमाशों ने परिवार को बंधक बना 1.22 लाख रुपये सहित आभूषण किए चोरी

**कनीना।** अपराधियों के हौसले आजकल बुलंद होते जा रहे हैं, जो चोरी के साथ साथ सीनाजोरी भी करने लगे हैं। इस कारण आमजन में आक्रोश पनप रहा है। ऐसा ही वाक्या कनीना-महेंद्रगढ़ सड़क मार्ग स्थित गांव गुढ़ा में दो दिन पूर्व घटित हुआ। जहां रात्रि के समय कुएं पर सो रहे परिवार को चार नकाबपोश अपराधियों ने बंधक बनाकर 1.22 लाख रुपये की नकदी सहित महिला के गले की कंठी व बाली चोरी कर ली। जिन्हें काबू करने का प्रयास किया गया तो हथियार दिखाकर चुप करा दिया। इस बारे में ग्रामीण राजपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रात्रि के समय घर के बाहर सोया हुआ था तथा बैठक के अंदर उसकी पत्नी सोई हुई थी। रात करीब एक बजे चार अज्ञात नकाबपोश व्यक्ति उनके घर में घुसे। खुसर फुसर की आवाज सुनकर नींद से जागे राजपाल को नकाबपोश अपराधियों ने घर के बाहर ही रोक लिया।

### यह है आरोप

वहां घर पर हरविन्द्र नहीं मिला, तब कर्मचारियों ने गारन्टर नरवीर सिंह को बुलाया और नरवीर सिंह वहां आ गया। उसने बताया कि हरविन्द्र घर पर नहीं है। उनकी माताजी से मिल लो। माताजी ने कहा कि 20 तारीख को पेमेन्ट कर देंगे। उसके बाद दोनों कर्मचारी गाड़ी में बैठकर वापिस महेन्द्रगढ़ आने लगे, जो उस समय करीबन 6:45 पीएम हो गए थे, जब विक्रम व सुनील दत्त कर्मचारी कैंची मोड़ महेंद्रगढ़ के नजदीक पहुंचे तो पीछे से हरविन्द्र गाड़ी बोलेरो व अन्य एक गाड़ी तथा दो-तीन मोटर साइकिलों पर करीब 16-17 लड़के आए, जिन्होंने कर्मचारियों की गाड़ी के आगे अपनी गाड़ियां लगा दी तथा हमारे कर्मचारियों से गाड़ी की चाबी ले ली तथा जबरदस्ती अपहरण करते हुए उनको अपनी गाड़ी में बैठा लिया तथा रास्ते में भी विक्रम व सुनील दत्त के साथ मारपीट करते हुए छाजियावास हरविन्द्र के घर ले गए। कर्मचारी विक्रम व पवन को भी किस्त देने के बहाने गांव छाजियावास में घर बुला लिया।

### अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज

इस बारे में सदर थाना इंचार्ज सज्जन वशिष्ठ ने कहा कि राजपाल की शिकायत पर अज्ञात नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपितों को शीघ्र ही काबू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**सज्जन वशिष्ठ, सदर थाना इंचार्ज**

# नशा मुक्ति को निकाली रैली

- नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन व कविता लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। पोस्टर दिखाती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त के मार्गदर्शन में वीरवार को एमएलएस डीएवी पब्लिक स्कूल में तंबाकू युक्त पीढ़ी की ओर रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन व कविता लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस अवसर पर प्राचार्य राजेश कुमार ने कहा कि नशे के सेवन से मनुष्य का शारीरिक व मानसिक विनाश के साथ आर्थिक नुकसान भी होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि नशा मुक्ति भावी पीढ़ी के निर्माण में हम सबकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

हमें अपने जीवन में तंबाकू का प्रयोग कभी नहीं करना चाहिए। तंबाकू एक किस्म का जहर है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि आप इस अभियान में अपने परिवार को इस बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर अगेंद्र कुमार ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा मुक्त स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में प्रेरणादायक पेंटिंग बनाकर व नारे लेखन के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया।

### धर्म सभा के चुनाव शेड्यूल में बदलाव

कनीना। दादा छाजुवीर धर्म सभा गुढ़ा की चुनाव कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें चुनाव अधिकारी एडवोकेट रमेश शर्मा व सहायक चुनाव अधिकारी अभिषेक की मौजूदगी में विभिन्न बिंदुओं पर फोकस किया गया। सरपंच वीरेंद्र दीक्षित ने बताया कि बैठक में धर्म सभा की निवर्तमान कार्यकारिणी व सदस्यों ने सहमति से चुनाव कार्यक्रम में बदलाव करने का फैसला लिया गया। उन्होंने बताया कि पहले जारी किए गए चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक 21 व 22 अगस्त को सायं चार बजे तक नामांकन दाखिल करने व 23 अगस्त को दोपहर दो बजे तक आवेदनों की जांच व चार बजे तक चुनाव चिह्न अलॉट करने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था।

### हरियाणा केंद्रीय विवि में बीटेक के लिए हो रही ओपन काउंसलिंग



महेंद्रगढ़। हकेंवि भवन। फोटो: हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए जारी दाखिले की प्रक्रिया के अंतर्गत बीटेक पाठ्यक्रम में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। ओपन काउंसलिंग में प्रतिभागिता के लिए पंजीकरण 23 अगस्त से शुरू होंगे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि इंजीनियरिंग शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समस्या-समाधान की क्षमता, रचनात्मकता तथा नेतृत्व कौशल विकसित करने का माध्यम है, जिससे विद्यार्थी समाज और राष्ट्र में सार्थक योगदान दे सकें। हकेंवि गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मलेरिया एवं डेंगू से बचाव के लिए चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। लोगों को जागरूक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू और मलेरिया से निपटने के लिए विशेष अभियान के तहत उपस्वास्थ्य केंद्र बाघोत में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार व उनकी टीम ने ग्रामीणों को मलेरिया और डेंगू से बचाव संबंधी जानकारी दी, ताकि वह समय रहते वह अपना बचाव कर सकें। उन्होंने लोगों को बताया कि अपने आसपास सफाई रखें, घरों एवं आसपास पानी एकत्रित न होने दें, कूलर और गमलों में भरा पानी दो दिन से अधिक न रहने दें। उन्होंने कहा कि डेंगू से बचाव के लिए जन-जागरूकता और स्वच्छता सबसे महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यह भी बताया कि यदि किसी को बुखार आदि हो तो वह तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच करवाएं और ब्लड स्लाइड्स भी बनवाएं, ताकि समय रहते इलाज किया जा सके। इस अवसर पर स्वास्थ्यकर्मी धर्मेंद्र कुमार, सरिता, पूजा, आशा वर्कर सरिता, सीमा व सुनीता उपस्थित रहीं।

# प्रशिक्षण को व्यवसाय के रूप में स्थापित करें

- नसीबपुर में चल रहे ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का वीरवार को समापन कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण लेने वाले प्रशिक्षणार्थी। फोटो: हरिभूमि

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नसीबपुर में चल रहे ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का वीरवार को समापन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक एचआर सभरवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को समय का महत्व समझाते हुए समय प्रबन्धन पर जोर दिया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसी भी कार्यक्षेत्र के साथ यदि आपका भावनात्मक लगाव है, तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं कि उस क्षेत्र में आपको सफलता की प्राप्ति न हो। इसलिए जिस भावना से आप यहां प्रशिक्षण लेने के लिए आए हो उसी मनोभाव से आपको प्रशिक्षण लेकर तथा उसे अपने व्यवसाय के रूप में स्थापित करें। संस्थान के निदेशक ने बताया कि इस सप्ताह से ब्यूटी पार्लर प्रबंधन, सिलाई आदि प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इनकी अवधि 35 व 31 दिन की होगी, जो कि संस्थान परिसर में ही चलाए जाएंगे। इसमें कोई भी बेरोजगार महिला, जिसकी आयु 18 से 45 साल के बीच है वह प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान की निःशुल्क करवाए जाते हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रार्थी आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र की छायाप्रति एवं चार पासपोर्ट साईज फोटो साथ लेकर आएं। उन्होंने बताया कि वे अपना रजिस्ट्रेशन किसी भी कार्य दिवस पर संस्थान के कार्यालय धरसूं रोड नसीबपुर में आकर करा सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दाखिला पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाता है। इस संबंध में अन्य किसी जानकारी के लिए संस्थान के दूरभाष नंबर 01282.260199 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# नागरिकों की समस्या का करें समाधान

- लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। लोगों की समस्या सुनती एसडीएम कनिका गोयल। फोटो: हरिभूमि

लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय के कोर्ट रूम में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम कनिका गोयल (आईएएस) ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश भी दिए। एसडीएम कनिका गोयल ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली नागरिकों की शिकायतों का तत्परता के साथ समाधान करना ही सभी विभागों का मुख्य दायित्व है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार व वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में जिला प्रशासन के सभी विभागों के अधिकारी महेंद्रगढ़ में उपस्थित रहते हैं, ताकि नागरिकों की समस्याओं का निवारण किया जा सके और उन्हें नारनौल न जाना पड़े। वीरवार को शहर के वार्ड नंबर सात निवासी यशपाल सिंह ने अवैध कब्जा हटवाने, गांव रिवासा निवासी सुनीता देवी ने गली का निर्माण करवाने, महेंद्रगढ़ की रामविहार कॉलोनी वासियों ने सीवरेज व पीने के पानी की समस्या लेकर समाधान शिविर में पहुंचे। समाधान शिविर में कुल 44 शिकायतें दर्ज की गई है।

*कॉमर्स की पढ़ाई में युवाओं का घटा रूझान, 50 फीसदी सीटें खाली*

# 35% छात्रों ने प्रमोट कक्षाओं में नहीं करवाया दाखिला

- यूजी कक्षाओं की विभिन्न संकाय में करीब 100 सीटें खाली रही, वहीं प्रमोट कक्षाओं में 30 फीसदी से अधिक विद्यार्थियों ने फीस जमा नहीं कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज का प्रवेश द्वार। फोटो: हरिभूमि

कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया, लेकिन अभी तक प्रमोट व यूजी कक्षाओं की निर्धारित सीटें नहीं भर पाई हैं। शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज में यूजी कक्षाओं की विभिन्न संकाय में करीब 100 सीटें खाली रह गई। दूसरी तरफ प्रमोट कक्षाओं में भी 30 फीसदी से अधिक विद्यार्थियों ने फीस जमा नहीं कराई है। सीटें खाली रहने से कॉलेज प्रशासन को पढ़ाई सुचारू रूप कराने में असुविधा हो रही है। आपको बता दें कि नांगल चौधरी में विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा के लिए दो कॉलेजों की सुविधा उपलब्ध है। 12 कक्षा कक्षा की परीक्षा का परिणाम घोषित होने पर निदेशालय ने जून महीने में ऑनलाइन पंजीकरण का पोर्टल ओपन किया गया था। एक विद्यार्थी को एक ही फीस पर 10 कॉलेजों में आवेदन की सुविधा दी गई थी। लेकिन पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान ही विद्यार्थियों में उत्साह कम दिखाई दे रहा था, कॉमर्स संकाय में तो निर्धारित सीटों से कम आवेदन मिले थे। आर्ट में भी करीब दोगुणा आवेदन जमा हुए थे, जिनमें आवेदकों ने अपनी सुविधा के अनुसार कॉलेजों में फीस जमा कराई थी। ऐसे में शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज में कॉमर्स संकाय के 35, आर्ट की 400 सीटें निर्धारित हैं लेकिन 345 दाखिले हुए हैं। साईंस संकाय की 80 सीटों पर 72 विद्यार्थियों ने फीस जमा कराई है।

### दाखिला प्रक्रिया संपन्न, शैक्षणिक सत्र आरंभ

शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनिल यादव ने बताया कि यूजी और प्रमोट कक्षाओं में दाखिलों का पोर्टल बंद हो गया है। यूजी कक्षाओं में आर्ट की 55, कॉमर्स की 45 तथा साईंस की आठ सीटें खाली रह गई। प्रमोट कक्षाओं में भी करीब 400 दाखिले कम हुए हैं। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र क शुभारंभ हो चुका तथा विद्यार्थियों को नियमित रूप से कक्षाएं अटेंड करने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### जर्जर तार बदलवाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** समाधान शिविर में ग्राम पंचायत व विभिन्न संगठन के लोगों ने क्षेत्र में बिजली के जर्जर तारों की बदलने को लेकर एसडीएम कनिका गोयल को लिखित ज्ञापन सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि गांव बवानिया, गागड़वास, बचीनी, नांगल हरनाथ, सूरजनवास, खेड़ा, मेघनवास, बुचौली, चितलांग, देवास व डुलाना तहसील व जिला महेन्द्रगढ़ में साल 1966-67 मे बिजली की हाई वोल्टेज एपी व एलटी लाईन लगाई गई थी।

### लॉर्ड कृष्णा स्कूल में ट्रायल 23 व 25 को

**नारनौल।** लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल सिहमा में जिला स्तरीय (एसजीएफआई) अंडर-14, 17 व 19 आयुवर्ग जूडो ट्रायल होगा। जिसमें जिले के सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के छात्र भाग ले सकते है। स्कूल प्रशासन ने कोच, डीपीई व खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं।

### बस चलाने को लेकर ग्राम पंचायत ने सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** समाधान शिविर में उपायुक्त के नाम एक लिखित ज्ञापन एसडीएम कनिका गोयल को सौंपा। ग्राम पंचायतों ने बताया कि महेंद्रगढ़ से सुबह सात बजे वाया सुरजनवास, मुंडायन, झिंगावन, बेवल, खैराना, खैरानी, राता कलां, भैरु का बास, कुंड रेवाड़ी के लिए नई बस सेवा चलवाने के लिए दर्जनों बार लिखित प्रस्ताव उपायुक्त व महाप्रबंधक परिवहन नारनौल डिपो को दे चुके, लेकिन आज तक इस रूट पर बस सेवा नहीं चल पाई है।

### विश्वकर्मा समाज की बैठक कल

**मंडी अटेली।** श्रीविश्वकर्मा समाज सुधार सेवा समिति की बैठक 23 अगस्त को आयोजित की जाएगी। यह बैठक सुबह 11 बजे विश्वकर्मा धर्मशाला में होगी। यह जानकारी देते हुए समिति के प्रधान ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से आगामी 17 सितम्बर को मनाए जाने वाले विश्वकर्मा दिवस की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा समिति का वार्षिक लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया जाएगा।

### जाहरवीर गोगा जी का मेला भौड़ी की बणी में 1 को

**मंडी अटेली।** जाहरवीर गोगा जी का मेला भौड़ी की बणी में एक सितंबर को भरेगा। जिसमें अनेक खेल कूद प्रतियोगिताएं व बाबा का भंडारा भी होगा। मेला कमेटी सदस्य रोशनलाल ने बताया कि मेले में हरसुख ढाणी निवासी अजीत सिंह पुत्र ताराचंद की ओर से कबड्डी में प्रथम रहने वाली टीम को एक लाख 51 हजार, द्वितीय को एक लाख व महिलाओं की कबड्डी में प्रथम को 31 हजार रुपये व द्वितीय को 21 पुरस्कार दिया जाएगा। मेले में 100 रुपये से लेकर 31 हजार रुपये तक की कुश्तियां भी करवाई जाएगी। मेले में देशी घी का भंडारा भूरूसिंह चौहान के वंशज की ओर से लगाया जाएगा।

लाखों की लागत से सीएचसी, पीएचसी व उप स्वास्थ्य केंद्रों पर बायोमैट्रिक मशीने लगी थी

# जियो फेसिंग हाजिरी के आदेशों को वापस लेने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज >> नांगल चौधरी


नांगल चौधरी। विधायक मंजू चौधरी को ज्ञापन सौंपते हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

स्वास्थ्य तालमेल कमेटी एवं बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के आह्वान जिला प्रधान धर्मवीर यादव की अगुवाई में विधायक मंजू चौधरी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें जियो फेसिंग लोकेशन आधारित हाजिरी को अनुचित बताते हुए आदेशों को वापस लेने की गुहार लगाई। उन्होंने तर्क दिया कि जियो फेसिंग हाजिरी स कर्मचारियों की निजता प्रभावित होगी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना होगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को जियो फेसिंग आधारित उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। आदेशों की पालना नहीं करने पर विभागीय कार्रवाई के साथ अनुपस्थिति दर्ज करने का अल्टीमेटम दिया है। सरकार के आदेशों से सुप्रीम कोर्ट के आदेश प्रभावित होंगे, क्योंकि सर्वोच्च न्यायलय ने निजता को सुरक्षित रखने के आदेश जारी कर रखे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने लाखों की लागत से सीएचसी, पीएचसी व उप स्वास्थ्य केंद्रों पर बायोमैट्रिक मशीने लगाई थी। जिस पर सभी कर्मचारी सुविधा पूर्वक हाजिरी लगा रहे हैं लेकिन बीते दिनों विभाग ने जियो फेसिंग हाजिरी के निर्देश जारी कर दिए। इस संदर्भ में स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को ज्ञापन सौंपकर आदेशों को वापस लेने की गुहार लगाई थी। बावजूद स्थिति यथावत बनी हुई जिससे कर्मचारियों में आक्रोश पनपने लगा है। ब्लॉक प्रधान राजेंद्र गुर्जर ने कहा कि 28 अगस्त तक सरकार ने जियो प्रणाली के आदेशों को वापस नहीं लिया तो सिविल सर्जन कार्यालय में 24 घंटे का सांकेतिक भूख हड़ताल की जाएगी। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि कोरोना काल में इन्हीं स्वास्थ्य कर्मियों पर बेहतर कार्य करने पर फूल बरसाए थे. लेकिन अभी उन्ही स्वास्थ्य कर्मचारियो के ऊपर कठोर नियम लागू करके स्वास्थ्य कर्मचारियों का मनोबल तोड़ा जा रहा है। इस दौरान उप प्रधान पिंकी यादव, लक्ष्मण सिंह, प्रदीप कुमार, योगेश शर्मा आदि कर्मचारी मौजूद रहे हैं।

## नशा मुक्त जीवन सभ्य समाज का निर्माण: प्रवक्ता नवरत्न

- बच्चों को नशे से दूर रहने रहने का आह्वान किया और गुटका बीड़ी व धूम्रपान से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया

हरिभूमि न्यूज >> मंडी अटेली


मंडी अटेली। राजकीय विद्यालय गोकुलपुर में नशा के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए। फोटो : हरिभूमि

शिक्षा विभाग एवं रेडक्रॉस के तत्वाधान में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की तहत राजकीय उच्च विद्यालय गोकुलपुर में नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रवक्ता ब्रिगेड ऑफिसर नवरत्न ने बताया कि नशे से निजात दिलाकर ही सभ्य समाज का निर्माण किया जा सकता है।

उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने रहने का आह्वान किया और गुटका बीड़ी व धूम्रपान से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया। वहीं धूम्रपान के दुष्प्रभाव की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर ब्रिगेड ऑफिसर राजेश कुमार प्रवक्ता ने छात्रों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई। वहीं स्कूल मुख्य अध्यापक सुरेंद्र कुमार ने सभी का आभार प्रकट कर विद्यालय में आकर छात्रों को नशे से दूर रहने की बहुत अच्छी जानकारी दी। विद्यालय में छात्रों को नशे से होने वाली बीमारियों के बारे में अवगत करवाया तथा उनसे बचने के उपाय बताएं। इस मौके पर रामचंद्र के अलावा अध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बीजेआरडी स्कूल की निकिता ने कराटे प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

- कराटे प्रतियोगिता 25 एवं 26 जुलाई को गोवा में आयोजित हुई थी

हरिभूमि न्यूज >> महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। छात्रा को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि फोटो: हरिभूमि

गोवा में आयोजित राष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में बीजेआरडी विद्यालय की कक्षा नौवीं की छात्रा निकिता ने कनिष्ठ वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया है।

छात्रा निकिता ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बैंकॉक (थाईलैंड) में 15 सितंबर को आयोजित होने वाली विश्व कराटे प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।

यह प्रतियोगिता 25 एवं 26 जुलाई को गोवा में आयोजित हुई थी। निकिता अपनी सफलता का श्रेय कोच, विद्यालय प्रबंधन एवं माता-पिता को दिया है। विद्यालय में इस उपलब्धि पर निकिता को फूलमाला पहनाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर निदेशक राजपाल यादव, चेयरपर्सन शीला राव, प्राचार्य सुरेश सैनी, पीआरओ बिजेंद्र सिंह, प्राइमरी हेड सीमा शर्मा, शिवराज यादव, अमिता यादव, मंजीत मलिक, टीना यादव व ज्योति यादव उपस्थित रही।

### यदुवंशी कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में लहराया परचम

**नारनौल।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज पटीकरा में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान, दूसरा स्थान प्रियंका, तीसरा स्थान तान्या ने प्राप्त किया। पॉट डेकोरेशन में महक, प्रियंका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में भारती प्रिंस, मानसी द्वितीय स्थान पर रही। नोटिस बोर्ड डेकोरेशन में बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी प्रथम, लाइफ साइंस ने दूसरा व केमिस्ट्री फिजिक्स के विद्यार्थियों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्य बजरंग लाल, उपप्राचार्या सोनल यादव ने प्रतिभागियों को मोमेंटो व प्रस्तति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यदुवंशी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

## एसओएफ ने ओलंपियाड में हासिल किए 34 मेरिट और तीन गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज >> महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि


श्री ओम साईराम इंटरनेशनल स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें एसओएफ साइंस ओलंपियाड 2024-25 के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया।

चेयरमैन रमेश सैनी एवं चेयरपर्सन निशा सैनी ने बताया कि गत माह नारनौल में आयोजित एसओएफ साइंस ओलंपियाड 2024-25 में उनके विद्यालय के लगभग 150 बच्चों ने भाग लिया, जिसमें घोषित परिणाम के अनुसार 34 बच्चों ने इंटरनेशनल स्तर पर मेरिट प्राप्त की तथा तीन बच्चों ने गोल्ड मेडल और हजार-हजार रुपये के गिफ्ट वाउचर हासिल किए। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान इन सभी मेधावी बच्चों एवं इनकी अध्यापिका शालिनी को संस्थापक शेरसिंह सैनी एवं विद्यालय मैनेजमेंट कमेटी द्वारा प्रशस्ति पत्र और मेडल आदि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थापक शेरसिंह सैनी, प्राचार्या ज्योति शर्मा, बचपन हेड रूपाली अरोड़ा, प्रवक्ता अमरसिंह सोनी, अध्यापिका शालिनी, नवीना, मीनाक्षी व पूनम गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

## सौरव व पूजा ने नीट पीजी परीक्षा में पाई सफलता

- पूजा ने 2019 में ऑल इंडिया 13वीं रैंक हासिल की थी
- सौरव की यह सफलता युवा पीढ़ी को राष्ट्र सेवा व समर्पण के मार्ग पर प्रेरित करती है

हरिभूमि न्यूज >> नारनौल


नारनौल। सौरव व डॉ. पूजा यादव।

यदुवंशी शिक्षा निकेतन की पूर्व छात्रा डॉ. पूजा यादव पुत्री सुनीता व विजयपाल यादव अटेली मंडी ने प्रतिष्ठित नीट पीजी 2025 परीक्षा में ऑल इंडिया 94वीं रैंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पूजा यादव की यह उपलब्धि केवल उनके परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र व संस्थान के लिए गर्व का विषय है।

इससे पहले भी पूजा ने अपने कठिन परिश्रम व लगन से सफलता के शिखर छुए थे। उन्होंने नीट यूजी 2019 में ऑल इंडिया 13वीं रैंक हासिल की थी। एनटीएसई 2017 परीक्षा में भी उल्लेखनीय सफलता अर्जित की थी।

इसी गौरवशाली यात्रा को आगे बढ़ाते हुए संस्थान के मेधावी छात्र सौरव पुत्र सरिता यादव व अनूप कुमार गांव भठेड़ा जिला रेवाड़ी ने एनडीए एसएसबी सेवा चयन बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने साहस, आत्मविश्वास और प्रतिभा का शानदार परिचय दिया है। सौरव की यह सफलता युवा पीढ़ी को राष्ट्र सेवा व समर्पण के मार्ग पर प्रेरित करती है। संस्थान के चेयरमैन राव बहादुर सिंह, निदेशक सुरेश यादव व प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी।

## श्री अनाथ गोशाला में लगाई सवामणी


नारनौल। गोवंश को हरा चारा डालते हुए। फोटो : हरिभूमि

- गोमाता की सवामणी करने से मन के सभी विकार दूर होते हैं

हरिभूमि न्यूज >> नारनौल

गोसेवा मंडल के सानिध्य में वीरवार को श्री अनाथ गौशाला में रजनीश यादव व उनकी पत्नी संतोष यादव ने करीब 17 क्विंटल हरे चारे की सवामणी लगाई। इस अवसर पर रजनीश यादव ने पक्षियों को अपने हाथों से दाना व गोमाता को हरी सब्जी व गुड खिलाया। गोमाता की सेवा करते हुए संस्थापक मुकेश वालिया ने बताया मंडल की ओर से पिछले करीब तीन वर्षों में अब तक 976 सवामनी गोभक्तों के सहयोग से लगाई जा चुकी है। प्रधान सतपाल यादव ने कहा कि गोमाता की सवामणी करने से मन के सभी विकार दूर होते हैं तथा घर में खुशियां आती है। बेजुबान गोमाता की सेवा से अधिक पुण्य कर्म और कोई नहीं हो सकता। रजनीश यादव ने कहा कि गोशालाओं में लोग ज्यादा से ज्यादा सहयोग कर रहे हैं। राजेश यादव ने बताया कि मंडल करीब तीन साल से हर रोज 25 से 30 क्विंटल हरी सब्जी या हरा चारा किसी न किसी गोशाला में जरूर डलवाता है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर प्रधान सतपाल यादव, मंडल संस्थापक मुकेश वालिया, राजेश यादव, एडवोकेट मंदीप सिंह, अजय मुनीम, सिकंदर, मनीष यादव आदि उपस्थित रहे।

## छात्र युवराज अंडर-14 क्रिकेट टीम में चयनित

हरिभूमि न्यूज >> महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। छात्र युवराज।

हैप्पी एवरग्रीन स्कूल के छात्र युवराज ने हरियाणा स्कूल गेम्स में शानदार प्रदर्शन कर अंडर-14 क्रिकेट जिला टीम में चयन हुआ है। अब वह 24 सितंबर से भिवानी में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने बताया कि युवराज की इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे महेंद्रगढ़ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल, संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल तथा उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल ने छात्र युवराज को बधाई दी। उन्होंने कहा कि युवराज ने विद्यालय की खेल परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सभी के लिए प्रेरणा का काम किया है। प्रबंधन समिति ने विश्वास जताया कि युवराज आने वाले राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करेगा। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि बच्चों की ऐसी उपलब्धियां उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव होती हैं और हैप्पी स्कूल हमेशा छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल और सहगामी गतिविधियों में भी आगे बढ़ाने के लिए समर्पित रहेगा।


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## यदुवंशी स्कूल में आयोजित हूई कविता प्रतियोगिता

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी स्कूल में वीरवार को कविता प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषय पर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन कर मनमोहक कविता प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में छात्रों ने देशभक्ति, प्रकृति, शिक्षा, नशा मुक्ति एवं जीवन मूल्य जैसे विविध विषय पर अपनी रचनाएं सुनाकर सभी का मनमोह लिया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों के उत्साह और आत्मविश्वास ने वातावरण को ऊर्जा से भर दिया। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि कविता मन की अभिव्यक्ति है, जो हमारी सोच भावनाएं और अनुभवों को शब्दों में पिरोकर प्रस्तुत करती है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपनी रचनात्मकता को निखारें और मंच का भय छोड़कर आत्मविश्वास के साथ अपनी बात सबके सामने रखें।

ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और भाषा कौशल को विकसित करती हैं। आप सभी विद्यार्थी नियमित अभ्यास करें, अपने सपनों पर विश्वास रखें और सफलता की ओर अग्रसर रहें। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह यादव ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

महिला कांग्रेस का संकल्प हर बेटी निडर व आत्मनिर्भर बने: डॉ. राजवती

# शहरी बस्ती व गांव में वितरित किए सेनेटरी पैड

हरिभूमि न्यूज >> नारनौल

महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. राजवती ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर अपनी टीम के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने ही आधुनिक भारत की बुनियाद रखी थी और अपने जीवनकाल में हमेशा महिलाओं को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत माना।

उनकी दूरदृष्टि और नए भारत के सपनों को आगे बढ़ाते हुए उनकी जयंती पर महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने एक विशेष पहल की नारी स्वास्थ्य संकल्प प्रियदर्शिनी उड़ान की शुरूआत की है। प्रदेश में इस मुहिम को महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुधा भारद्वाज के दिशानिर्देश में चलाया जा रहा है।


नारनौल। सेनेटरी पैड वितरित करती महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. राजवती।

इसी कड़ी में महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष डॉ. राजवती यादव ने शहर की बस्तियों व गांवों पहुंचकर सेनेटरी पैड वितरित किए। जहां महिलाएं अपने स्वास्थ्य के मुद्दों पर खुलकर बात कर सके, उन्हें सम्मान मिले और उनकी समस्याओं को समाधान समाज की प्राथमिकता बने। यह पहल एक संदेश देती है कि अच्छा स्वास्थ्य नारी का अधिकार है और सशक्त नारी ही मजबूत भारत की आधारशिला है।

इस पहल के अंतर्गत पूरे प्रदेश एक साल तक हर महीने की 20 तारीख को जरूरतमंद बहन बेटियों को मुफ्त सेनेटरी नैपकिन वितरित की जाएगी, साथ ही ग्रामीण व शहरी अंचलों में बहनों बेटियों को स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

इस मौके पर ब्लॉक प्रधान माया देवी, महेंद्रगढ़ ब्लॉक से अध्यक्ष कल्पना, सिहमा ब्लॉक अध्यक्ष शशिबाला आदि मौजूद थी।

**हर बेटी निडर व आत्मनिर्भर बने**

इस अवसर पर राजवती ने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा आज भी समाज में मासिक धर्म को लेकर झिझक व संकोच है, जिसके कारण कई महिलाएं गंभीर बीमारियों का शिकार हो जाती है। यह केवल एक स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान व आत्मनिर्भरता से जुड़ा मुद्दा है। जब नारी स्वस्थ होगी, तभी परिवार मजबूत होगा और जब परिवार मजबूत होगा, तभी समाज व राष्ट्र मजबूत होगा। महिला कांग्रेस का संकल्प हर बेटी निडर व आत्मनिर्भर बने है। हर बहन सुरक्षित व सशक्त रहे, हर महिला स्वस्थ व जागरूक रहे। यह अभियान सिर्फ पैड वितरण भर नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक क्रांति की शुरुआत है।

**PUBLIC NOTICE**

I Neelam W/o Satyaveer R/o Mohalla Bawaripur Tehsil Narnaul Distt. Mahendergarh Haryana declare that my husband name wrongly mentioned as Satbir in my daughter Prachi 10th class Marksheet. my husband correct name is Satyaveer. do the necessary correction as per rules.

TAGORE SEC. SCHOOL
An English Medium Co-Educational Cultural School (Nursery to x)
SAINIK SCHOOL
NAVODAYA SCHOOL
MILITARY SCHOOL
DEVNARAYAN
HOSTEL FACILITY
LIBRARY

ADMISSION OPEN 2025-26
BABERA ROAD, SANGTEDA, KOTPUTLI (RAJ) Contact Us : 9256537272, 9314153444
TAGORE COLLEGE
Dr. B.R. Ambedkar Law University, Jaipur
D-PHARMA
Limited Seats PCM, PCB
ADMISSION OPEN
LL.M 2 Year
LL.B 3 Year
For Admission : 9549210000, 8432044810

## खबर संक्षेप

### चैरिटेबल ट्रस्ट सांसद का करेगी अभिनंदन

**नारनौल।** श्रीनामदेव समाज समिति एवं चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 24 अगस्त को भिवानी–महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह का सामाजिक अभिनंदन व सम्मान समारोह का आयोजन करेंगे। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर यतेंद्र राव को भी सम्मानित किया जाएगा। समिति प्रधान जुगेंद्र वर्मा एवं सचिव डॉ. संजय कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि संस्था की वार्षिक आमसभा की बैठक 24 अगस्त प्रातः 11 बजे नामदेव भवन रविदास मार्ग में आयोजित की जाएगी।

### सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक का निधन

**महेंद्रगढ़।** मोहल्ला खोजावाड़ा निवासी पूर्व सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक अमर सिंह यादव का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। सेवानिवृत्ति के बाद वे धार्मिक और सामाजिक कार्यों में जुड़े हुए थे। वह अपने पीछे दो पुत्र, पुत्री, दो पोते सहित भरापूरा परिवार छोड़कर गए हैं। मोदाश्रम स्थित स्वर्ग आश्रम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े बेटे सुरेंद्र यादव ने उनको मुखाग्नि दी। अध्यापक सहीराम, मास्टर महावीर शर्मा, तुलसीराम शर्मा व पूर्व पार्षद वीरेंद्र सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**महेंद्रगढ़।** बाइक चालक ने ऑटो से उतर रहे एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। इस हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने नागरिक अस्पताल से मृतक का पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।
गांव सुंदरह निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि उसका पिता सत्यवीर बीते शाम को करीब छह बजे सिसोठ के राधा स्वामी सत्संग भवन में जाने के लिए बस से गए थे।

### मोहनपुर में आयोजित मेले से बाइक चोरी

**कनीना।** गांव मोहनपुर नांगल में आयोजित मेले में आए एक श्रद्धालु की बाइक चोरी हो गई। इस बारे में इसराना निवासी सुखबीर सिंह ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह धनौंदा निवासी हरीश चंद की बाइक लेकर मेले में गया था। सत्य भारती स्कूल के समीप बाइक खड़ी करने के बाद मेला देखकर वापस आया तो वहां बाइक नहीं मिली। उन्होंने अपने स्तर पर बाइक की खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

## दुष्यंत व मोहित ने राज्य स्तरीय कराटे में जीता स्वर्ण पदक...



**नारनौल।** पदक विजेता खिलाड़ी दुष्यंत व मोहित को सम्मानित करते हुए।

*नारनौल। राज्य स्तरीय 24वीं कराटे प्रतियोगिता का आयोजन कुरुक्षेत्र में 14 से 17 अगस्त तक किया गया। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से लगभग तीन हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह जानकारी देते हुए मार्शल आर्ट एकेडमी के कोच सचिन इंदौरा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एकेडमी के दुष्यंत सांगवान पुत्र भूपेन्द्र सांगवान व मोहित यादव पुत्र अनिल यादव ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक व कैश प्राइज हासिल किया है। उन्होंने बताया कि अब दुष्यंत इंदौरा व मोहित यादव 25 से 27 अगस्त तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह खिलाड़ी भविष्य में भी इसी तरह पदक जीतकर अपने माता-पिता, गांव, जिला, प्रदेश व एकेडमी का नाम रोशन करते रहेंगे।*

## नगर पालिका की ओर से इसके लिए 37.40 लाख रुपये का बजट तय

# मौहल्ला सराय से स्टेट हाईवे-148बी तक 37.40 लाख से बनेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के मौहल्ला बास से स्टेट हाईवे-148बी तक एक किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग का नवनिर्माण किया जाएगा। नगर पालिका की ओर से इसके लिए 37.40 लाख रुपये का बजट तय किया है। यह मार्ग काफी लंबे समय से जर्जर अवस्था में है। सड़क जर्जर होने के चलते आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क का निर्माण होने से राहगीरों व वाहन चालकों को काफी फायदा मिलेगा। एक किलोमीटर सड़क के नवनिर्माण का कार्य को पूरा करने के लिए चार माह की समय-सीमा निर्धारित की गई है। बता दें कि यह मार्ग इंटरलॉकिंग टाइलों से बनाया गया था। अब इस मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। इस एक किलोमीटर मार्ग पर अनेक मोहल्ले पड़ते हैं। शहर को जोड़ने के लिए मौहल्ला सराय रोड, मोहल्ला सुनारों का, मोहल्ला धानकान, सराय खटीकान होते हुए 148-बी स्टेट हाईवे को जोड़ने वाला यह सुगम मार्ग है। इसका निर्माण पूरा होने के बाद शहर पर यातायात का भार भी कम हो जाएगा। इस बदहाल मार्ग पर बरसात के समय में गड्ढों में पानी भरने के कारण लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। साथ हीं लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण सड़क संकरा हो गया गया। अब नपा की ओर से अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ इसकी चौड़ाई को भी बढ़ाया जाएगा। इस मार्ग पर राजकीय महाविद्यालय, महिला कॉलेज, लघुसचिवालय, न्यायिक परिसर सहित मिस्त्री व अन्य मार्केट स्थित है। चार महीने बाद इस मार्ग का निर्माण को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।


**महेंद्रगढ़।** जर्जर अवस्था में स्टेट हाईवें की जाने वाला मार्ग। फोटो : हरिभूमि

### पहले हटेगा अतिक्रमण

नगर पालिका की ओर से 37 लाख 40 हजार 255 रुपये का वर्क आर्डर पास किया गया है। चार माह में इस मार्ग का निर्माण कार्य पूरा करने का रखा लक्ष्य रखा गया है। पहले इस मार्ग से अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके उपरांत इस मार्ग का निर्माण किया जाएगा। **-रमेश सैनी, नगरपालिका प्रधान, महेंद्रगढ़।**

### मार्ग पर हैं कई दुकानें

इस मार्ग पर तीन से चार मंदिर, स्कूल, किराणा की दुकान, कबाड़ की दुकानें सहित अनेक मौहल्ले स्थित है। लोग लघु सचिवालय जाने के लिए इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा लोग सब्जी मंडी व शहर का प्रमुख 11 हट्टा बाजार जाने के लिए इसी रोड से होकर गुजरते हैं। स्कूली विद्यार्थी व कॉलेज की छात्राएं महाविद्यालय में इसी रास्ते से जाते हैं। यह छोटा व आसान रास्ता भी है। पिछले काफी सालों से यह रोड टूटा हुआ है। लोग प्रशासन से इस रोड का निर्माण जल्द करने की मांग कर रहे थे। अब नगर पालिका ने इस मार्ग की सुध ली है।

## आग की लपटें और धुएं का गुब्बार देख आस-पास के क्षेत्र में मची खलबली

# शॉर्ट सर्किट से स्नैक्स फैक्ट्री में लगी आग, 3 करोड़ का नुकसान!

- फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां व 10 टैंकरों ने आग पर काबू पाने का किया प्रयास
- जिलेभर से बुलानी पड़ी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां, सुबह भी फैक्ट्री से निकलता रहा धुआं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर में बुधवार व वीरवार रात को फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। यह फैक्ट्री पेट्रोल पंप के पास स्थित है। जिसके चलते वहां खाड़ा खाली तेल का टैंकर भी जल गया। इससे फैक्ट्री संचालक को करीब ढाई से तीन करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

फैक्ट्री के साथ साथ एजेंसी में रखा सामान भी जल गया। आगे लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां व 10 पानी के टैंकरों आग बुझाने में जुटे हुए हैं। जानकारी के अनुसार यह घटना बुधवार व वीरवार रात करीब दो बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार निजामपुर रोड पर फ्लाइओवर से आगे जोरासी गांव की ओर बंसल फूड के नाम से एक फैक्ट्री बनाई हुई है। जिसमें कुरकुरे, नमकीन, चिप्स व बिस्कुट आदि बनाए जाते हैं। इसी एक एजेंसी से स्नैक्स की सप्लाई शहर व गांवों में की जाती है। इसे बारे में फैक्ट्री मालिक राकेश बंसल के अनुसार आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी है। जानकारी के अनुसार आग रात करीब दो बजे लगी थी, लेकिन इसकी सूचना देरी से मिली। देर से सूचना मिलने के कारण आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

फैक्ट्री के मालिक राकेश बंसल के भाई मनीष बंसल ने बताया कि आग से फैक्ट्री का सारा सामान जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया कि इस फैक्ट्री में कुरकुरे, नमकीन, चिप्स व बिस्कुट बनाते थे। उन्होंने कई नामी कंपनियों की एजेंसी भी ली हुई है। जिसका माल भी वे यहीं रखते थे। रात को 11 बजे वह फैक्ट्री से घर गए थे। तीन बजे उन्हें पेट्रोल पंप संचालक ने सूचना दी। जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। इसके बाद लगातार पूरे जिले से फायर ब्रिगेड की एक के बाद एक 12 गाड़ियां बुलाई गई, लेकिन आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद लगातार पानी के ट्रैक्टर टैंकर भी मंगवाए गए। जिसके चलते 10 ट्रैक्टर टैंकर पानी लेकर आए। इन टैंकरों के जरिए भी वीरवार सुबह करीब आठ बजे तक आग बुझाने के लिए लोग लगे रहे, लेकिन आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया गया। जिसके चलते सुबह भी फैक्ट्री से धुआं निकलता रहा।



**नारनौल।** फैक्ट्री में लगी आग व सुबह आग बुझाता फायर ब्रिगेड कर्मचारी।

### जिलेभर से बुलाई गई फायर ब्रिगेड की गाड़ियां

*रात करीब तीन बजे फैक्ट्री से जब आग की लपटें उठी, पास स्थित पेट्रोल पंप के कारिंदों ने इसकी सूचना पुलिस, फायर ब्रिगेड व फैक्ट्री मालिक को दी। इसके बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची, लेकिन इससे पहले ही फैक्ट्री में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। जिसमें फैक्ट्री की मशीनों के अलावा वहां पर बनाकर तैयार रखा व कच्चा सामान शामिल है। आग लगने के सूचना के बाद मौके पर शुरू में दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच, लेकिन उनसे आग पर काबू नहीं पाया जा सका।*


नांगल चौधरी। एसडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते हुए ब्लॉक के नंबरदार।

## राजबीर सिंह बने नंबरदार एसोसिएशन के प्रधान

- समर्थकों ने फूल-मालाओं से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज नांगल चौधरी

पंचायत समिति प्रांगण में नंबरदार एसोसिएशन की बैठक देवेंद्र कुमार व इंद्रसिंह नंबरदार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके पुनर्गठन किया गया। इसके बाद एसडीएम उदय सिंह को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर विभिन्न समस्याओं के समाधान की गुहार लगाई। उन्होंने समाज में फैली नशाखोरी तथा अंधाधुंध जलदोहन पर प्रतिबंध लगाने का संकल्प लिया है।

उन्होंने बताया कि संगठन को सक्रिय बनाने के लिए कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया है। धोलेड़ा के नंबरदार राजबीर सिंह को सर्वसम्मति से ब्लॉक प्रधान निर्वाचित किया गया है। आकाली के नंबरदार कृष्ण कुमार को उपाध्यक्ष तथा मोहनपुर के राजबीर को कोषाध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया है। नियाजलीपुर के राजेश कुमार संगठन मंत्री, मूरली मनोहर को प्रचार मंत्री का दायित्व दिया गया है। देशपाल सैदअलीपुर को कानून सलाहकार तथा हवासिंह, भूपेंद्र नंबरदार को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया है। इसके एसडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें नंबरदार के पुत्र को ही नंबरदार बनाने, सरबरा नंबरदारी लागू करने, मानदेय बढ़ाने की मांग की गई है। इस मौके पर मनोज कुमार, अनोखाराम, महीपाल, बिरेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार, बाबूलाल, राजेंद्र सिंह, शुभराम, दुलीचंद, शेरसिंह, महेश, ईश्वर सिंह, महावीर, रमेश कुमार, कैलाश, यादराम, धूड़ाराम, अर्जुनलाल मौजूद रहे हैं।

## 25 व 26 अगस्त को होगी एचटेट के अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए सभी जिलों में स्थापित किए गए बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन केन्द्र

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से 30 व 31 जुलाई को करवाई गई हरियाणा अध्यापक पात्रता (एचटेट) परीक्षा-2024 का परीक्षा परिणाम शीघ्र ही घोषित किया जा रहा है। परीक्षा परिणाम घोषित होने से पूर्व अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन होनी अनिवार्य है। अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए जिला में 25 व 26 अगस्त को यह प्रक्रिया पूर्ण करवाने हेतु केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अन्य राज्यों से सम्बन्धित अभ्यर्थी अपने साथ लगते जिलों में जाकर यह प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार ने बताया कि विशेष परिस्थितियों में अभ्यर्थी 22 जिलों में स्थापित केन्द्रों में से किसी भी केन्द्र पर जाकर यह प्रक्रिया पूर्ण कर सकता है। अभ्यर्थी द्वारा अपना मूल फोटो युक्त पहचान पत्र एवं मूल प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) लेकर आना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि जिलों में जहां वेरीफिकेशन होनी है, उन विद्यालयों की सूची व जिन अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन होनी है, उनकी सूची बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि केवल सूची में दिए गये अनुक्रमांक वाले अभ्यर्थियों द्वारा ही यह प्रक्रिया पूर्ण की जानी है। इन अभ्यर्थियों को इनके ऑनलाइन आवेदन के समय पंजीकृत मोबाईल नम्बर/ई-मेल पर भी इस हेतु संदेश भेजे जा रहे हैं।

## बीएनडी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### तंबाकू मुक्त पीढ़ी की ओर से रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

- कार्यक्रम को जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त यादव ने किया संबोधित

बीएनडी स्कूल खातोदड़ा में तंबाकू मुक्त पीढ़ी की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय में जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, स्लोगन एवं कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त यादव तथा खंड शिक्षा अधिकारी अलका के दिशा-निर्देशानुसार संपन्न कराया गया। रैली को चेयरमैन विजयपाल यादव व प्राचार्य हनुमंत शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का संयोजन राजेश शर्मा झाड़ली, दीपक शर्मा एवं संदीप कुमार ने किया। राजेश शर्मा झाड़ली ने कहा कि तंबाकू एक जहर हैं, जिससे कैंसर जैसी घातक बीमारी पैदा होती हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे स्वयं तंबाकू का सेवन न करें तथा अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो शिक्षा विभाग एवं प्रशासन द्वारा चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजना की जानकारी छात्रों तक पहुंचाएंगे। प्रतियोगिता का आयोजन पहले स्कूल स्तर पर होगा, इसके बाद खंड, जिला, राज्य और अंततः राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा। विजेताओं को आकर्षक नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में समस्त छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने तंबाकू निषेध की शपथ ली।


**महेंद्रगढ़।** रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ट्रैक्टर चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** ट्रैक्टर चोरी के मामले में थाना सतनाली पुलिस टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान योगेंद्र और रवि वासी उरिका थाना सूरजगढ़ जिला झुंझुनू राजस्थान के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपितों को लोहारू क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले में ट्रैक्टर और पानी टैंकर को बरामद कर लिया। आरोपितों से पूछताछ कर न्यायालय में पेश किया गया। शिकायतकर्ता नाथाभाई ने शिकायत देते हुए बताया कि वह ट्रैक्टर पर ड्राइवरी का काम करता है। गांव पथरवा के पास रेलवे अंडरपास का मरम्मत काम चल रहा है, उसने ढाणी ब्राह्मण पथरवा के पास ट्रैक्टर को पानी टैंकर जोड़कर खड़ा कर रखा था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## किसान सुधीर ने दो एकड़ व सुरेश कुमार ने एक एकड़ फसल जोती

# कीड़े लगने पर किसानों ने बाजरे की फसल पर चलाया ट्रैक्टर, क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की मांग

### खड़ी बाजरे की फसल नष्ट करने को मजबूर किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले में किसानों ने अपनी खड़ी बाजरे की फसल पर कीड़े लगने की वजह से ट्रैक्टर चला दिए। कुछ और किसान भी ऐसा ही करने की तैयारी में हैं। जिले के अधिकांश किसानों की बाजरे की फसल पर कीड़े लग गए हैं। किसानों का कहना है कि सरकार ने क्षतिपूर्ति पोर्टल महेंद्रगढ़ जिले के किसानों के लिए नहीं खोला है। ऐसे में उन्हें मुआवजा नहीं मिल पाएगा। किसानों ने सरकार से जिले के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की मांग की है। जिले में इस बार भी बाजरे की फसल पर संकट के बादल छाए हुए हैं। फसलों में कीड़े लग गए हैं। जिसके कारण किसान अपनी खड़ी फसल पर ही ट्रैक्टर चलाने को मजबूर हैं। गांव मंढाणा के दो किसानों ने बाजरे की फसल में कीड़े लगने की वजह से खड़ी फसल पर ही ट्रैक्टर चला दिया। इनमें से किसान सुधीर ने अपनी दो एकड़ व सुरेश कुमार ने एक एकड़ फसल पर ट्रैक्टर चला दिया। गांव मंढाणा ही नहीं, बल्कि गांव मांदी, सेका, कादीपुरी, पटीकरा सहित आसपास के अनेक गांवों की बाजरे की फसल में कीड़ों का प्रकोप है। इस बारे में गांव मंढाणा के किसान अशोक कुमार, टोनी, नवीन, योगेश, मोनी, बाबूलाल, रविंद्र, प्रवेश, अशोक, परमदीप, उदय सिंह, हंसराज, मुकेश, रतिराम, ठोलू, विक्रम, संजय आदि किसानों ने बताया कि कीड़ों की वजह से पूरी फसल नष्ट होने के कगार पर है।



### कीटों ने नष्ट की फसल

किसानों ने बताया कि बाजरे की फसल में व्हाइट ग्रब, इरगोट व एफएवी हैलीकोवरपा का आंतक है। हेलीकोवरपा बहुभक्षी कीट है, जिसका मतलब है कि वह कई तरह की फसलों को नुकसान पहुंचाता है। वहीं व्हाइट ग्रब को सफेद लट भी कहा जाता है, जो फसलों को नुकसान पहुंचाता है तथा उनकी जड़ों को खत्म कर देता है। जिसके कारण फसलें मुरझा जाती हैं। इससे फसल बढ़ना बंद हो जाती है। किसानों ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के कुछ जिलों के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया है, लेकिन जिला महेंद्रगढ़ के लिए पोर्टल नहीं खोला गया। इसलिए सरकार जल्दी से जिला महेंद्रगढ़ के लिए भी पोर्टल खोले।

### मलेरिया एवं डेंगू को लेकर शिविर आयोजित

**महेंद्रगढ़।** पीएचसी धनौंदा में वीरवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया एवं डेंगू उन्मूलन के प्रति जागरूकता शिविर का आयोजित किया। शिविर में स्वास्थ्य निरीक्षक पवन कुमार, एमपीएचडब्ल्यू राजेश कुमार, एएनएम सरला देवी सहित आशा कार्यकर्ता उपस्थित रही। शिविर के दौरान ग्रामीणों को मलेरिया एवं डेंगू जैसी जानलेवा बीमारियों से बचाव के उपाय की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि मलेरिया और डेंगू मच्छरों के काटने से फैलते हैं, जो खड़े हुए व साफ पानी में पनपते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया कि यदि तेज बुखार, सिर दर्द, कंपकपी, उल्टी, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द, आंखों में जलन जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।